आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) ने सूचित किया है कि उसका EBITDA 30 सितम्बर को समाप्त तिमाही में 213 प्रतिशत बढ़कर $551 मिलियन हो गया है। एक वर्ष पहले यह $176 मिलियन था। पिछली तिमाही में $607 मिलियन की तुलना में यह कम था, जो मुख्यतया नकारात्मक लागत प्रभाव के कारण था- अधिक आयरन ओर एवं ऊर्जा लागत के कारण । कच्चे इस्पात का उत्पादन इस तिमाही में 1.9 मिट तक बढ़ गया था, 2021 की दूसरी तिमाही में 1.8 प्रतिशत की तुलना में । आर्सेलरमित्तल जनवरी-दिसम्बर वित्तीय वर्ष का अनुसरण करता है और एएम/एनएस इंडिया के आँकड़े उक्त तिमाही में इसकी आय के अंश के रूप में जारी किये गये थे।

> आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) ने सूचित किया है कि उसका EBITDA 30 सितम्बर को समाप्त तिमाही में 213 प्रतिशत बढ़कर $551 मिलियन हो गया है।

**जेएसडब्ल्यू स्टील, वरुण बेवरेजेज पहली कंपनियाँ हैं, जिन्हें बिजनेश यूनिट के लिए जम्मू एवं कश्मीर में जमीन मिली है**

लगभग 400 कंपनियों ने, 50 जम्मू एवं कश्मीर की सहित, यूनियन टेरिटरी की नई औद्योगिक नीति का प्रतिसाद दिया है । जिन फर्मों ने दिलचस्पी दिखाई हैं, उनमें शामिल हैं जेएसडब्ल्यू स्टील, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड एचपी कैपिटल, आत्मीयफील्ड कॉउ तथा रश्मि समूह। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के स्रोतों के अनुसार, जेएसडब्ल्यू स्टील को 50 कनाल (6.25 एकड़) जमीन श्रीनगर में लस्सीपुर में एक स्टील कंपनी की स्थापना हेतु दी गई है । यह समूह रु 150 करोड़ का निवेश करेगा, स्रोतों ने कहा । 9 अक्टूबर को, गृह मत्री अमित शाह द्वारा केन्द्र शासित प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के दौरान, इस समूह के प्रतिनिधियों को स्टील प्लांट के लिए जमीन के आवंटन के दस्तावेज दिए गए थे। स्रोतों ने बताया कि वरुण बेवरेजेज लिमिटेड को जमीन आवंटन के कागजात जम्मू में कठुआ में एक बिजनेश यूनिट की स्थापना हेतु दिए गए । यह कंपनी बोतलों का उत्पादन करती है तथा बवरेजों का वितरण करती है। यह पेपसी कं0 की यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर दूसरी सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी है।

**जेएसपीएल अपनी अंगूल स्टील क्षमता को बढ़ाने हेतु रु 18,000 करोड़ का निवेश करेगा**

स्टील उत्पादक जेएसपीएल ने वर्ष 2023 तक अपनी अंगूल स्टील की क्षमता को 12 मिट तक बढ़ाने के लिए रु 18,000 करोड़ निवेश करने की योजना बनाई है। जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक वी आर शर्मा ने बताया कि कंपनी अंगूल प्लांट की क्षमता 12 मिट तक बढ़ाने के लिए लगभग रु 18,000 करोड़ का निवेश करेगी और वर्ष 2025 तक इसे 15 मिट तक बढ़ाने की योजना बनाई है । उन्होंने बताया कि विस्तार को आंतरिक स्रोतों के जरिये किया जाएगा। 15 मिट की विस्तार योजना हेतु 4.25 मिट ब्लास्ट फर्नेश, 2.7 मिट डाइरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन तथा 6.3 मिट स्टील मेल्ट शॉप पर विचार किया जा रहा है । कंपनी को ब्लास्ट फर्नेश चालू करने में 40 माह (दिसम्बर 23) लगेंगे, उसके बाद डाइरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन प्लांट को किया जायेगा, जिसकी शुरुआत फरवरी 2025 में करने की आशा है। इन परियोजनाओं पर, संबद्ध कच्चे माल की क्षमताओं - कोक ओवेन, ऑक्सीजन प्लांट - रु 18,000 करोड़ के नियोजित पूँजीगत व्यय का दो-तिहाई व्यय होंगे ।

**जेएसपीएल को वित्त वर्ष 22 में बिक्री के रु 50,000 करोड़ छूने की आशा है**

नवीन जिंदल के नेतृत्व में जिंदल स्टील एण्ड पावर (जेएसपीएल) ने वित्त वर्ष 22 तक लगभग रु 50,000 करोड़ का बिक्री राजस्व हासिल करने की योजना है- 8 मिट उत्पादन के साथ । कंपनी ने अपना शुद्ध ऋण रु 8,000 तक कम करने की भी योजना बनाई है, जोकि वित्त वर्ष 21 में लगभग रु 22,146 करोड़ था। राजस्व बढ़ रहा है और उनकी बिजनेश योजना वित्त वर्ष 22 के आखीर तक रु 50,000 करोड़ तक पहुँचने की योजना है, कंपनी के प्रबंध निदेशक वी आर शर्मा ने स्वीकार किया ।

**श्याम मेटालिक्स ने वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही में रु 410 करोड पैट दर्ज किया**

श्याम मेटालिक्स एण्ड एनर्जी ने वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ रु 410.3 करोड़ तक पहुँचने में 157% तक उछाल सूचित किया है, जो वित्त वर्ष 21 की दूसरी तिमाही में रु 159.6 करोड़ था। दूसरी तिमाही में राजस्व 87 प्रतिशत बढ़कर रु 2,494.3 करोड़ हो गया है, जबकि पिछले वर्ष उसी अवधि में रु 1,335.2 दर्ज किया गया था। वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही में EBITDA था रु 624 करोड़, वित्त वर्ष 21 की दूसरी तिमाही में दर्ज रु 260.3 करोड़ से 140% अधिक है। EBITDA मार्जिन वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही में 25% था, वित्त वर्ष 21 की दूसरी तिमाही में 19.5% की तुलना में ।

**वीसा स्टील ने सितम्बर 2021 तिमाही में रु 12.72 करोड़ की स्टेंडलोन शुद्ध हानि सूचित की**

वीसा स्टील की शुद्ध हानि सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही में रु 12.72 करोड़ सूचित की गई है, सितम्बर 2020 को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान रु 21.91 करोड़ की शुद्ध हानि के विरुद्ध । बिक्री 32.87% बढ़कर सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही में रु 206.17 करोड़ हो गयी है, जबकि सितम्बर 2020 में समाप्त पिछली तिमाही के दौरान यह रु 155.17 करोड़ थी। Particulars Quarter Ended Sep. 2021Sep. 2020% Var.Sales 206.17155.17 33 OPM %-3.77-11.69 -PBDT-1.10-10.18 89 PBT-12.72-21.91 42 NP-12.72-21.91 42.

**भारतीय इस्पात बाजार त्यौहारी मौसम में मंद रहे**

अर्द्ध-तैयार स्टील की कीमतों ने 45वें सप्ताह (1-6 नवम्बर 21) के दौरान तेज गिरावट दर्ज की। घरेलू बिलेट की कीमतें रु 200-1,000/टन तक गिरी हैं, जबकि स्पंज आयरन ने भी पूरे रीजन में रु 500-1,500/टन तक तेज गिरावट ऑफर की है, जिसमें दक्षिणी भारत में अधिक गिरावट रु 1,000-1,500/टन दर्ज की गई । भारत का तैयार लम्बे स्टील का बाजार इंडक्शन फर्नेश रूट के जरिये इस सप्ताह में मंद रहा, जिसमें कीमतें सप्ताह-दर-सप्ताह रु 1,000/टन तक गिरी हैं । घरेलू कीमतें हॉट रोल्ड क्वायल, एचआर प्लेट्स तथा कोल्ड रोल्ड क्वायल का इस सप्ताह समान रहीं ।

अर्द्ध-तैयार स्टील की कीमतों ने 45वें सप्ताह (1-6 नवम्बर 21) के दौरान तेज गिरावट दर्ज की।

**स्टील कीमतों में वृद्धि के खिलाफ उद्योग का विरोध चौथे दिन में प्रवेश किया**

विश्वकर्मा दिवस के दिन, जब उद्योग क्राफ्ट एवं इंजीनियरिंग के हिन्दू भगवान विश्वकर्मा की याद में फैक्ट्रियों में विशेष प्रार्थना के आयोजन पर फोकस कर रहा था, उसकी जगह स्टील, जिंक आदि जैसे कच्चे माल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए रेगुलेटरी कमीशन की माँग करते हुए धरना पर बैठ गए हैं । लुधियाना में यूनाइटेड साइकिल पार्टर्स एण्ड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (यूसीपीएमए) के परिसर के बाहर किये जा रहे धरने का शुक्रवार चौथा दिन था- जिसका आयोजन “व्हाइस ऑफ इंडस्ट्री” के बैनर तले किया जा रहा है। मनजिंदर सिंह सचदेव, जनरल सेक्रेटरी, यूसीपीएमए, जो

धरना का नेतृत्व कर रहे हैं, ने कहा कि यह उद्योग की आवाज है, अतः धरना पीसीपीएमए के बैनर तले नहीं है,क्योंकि कच्चे माल की समस्या सभी के लिए है । हमारे उद्योग के पास कोई कार्यकारी पूँजी नहीं बची है। उद्योग के लिए यह कठिन समय है और केन्द्र सरकार को हमारे बारे में सोचना होगा, सिर्फ कॉर्पोरेटों को समर्थन देने के सिवा ।

**एमएसएमई ने कच्चे माल की मूल्य-वृद्धि के खिलाफ विरोध की योजना बनाई है**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्यम (एमएसएमई) कच्चे माल की उच्च कीमतों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध आयोजित करने की ओर देख रहे हैं। कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। दो दिन पूर्व तांबे के उत्पादों की कीमतें रु 90 प्रति मिलो बढ़ गई थी और उसके बाद रु 10 या रु 15 तक गिर गई थीं । क्या हम रोजाना अपने उत्पादों की कीमतों में बदलाव कर सकते हैं । हम अपने उत्पादों की कीमतें कोट करने में असमर्थ हैं, क्योंकि बहुत ज्यादा अनिश्चयता है। हमने मंत्री महोदय से मिलने के लिए समय माँगा था और कई बार अपील किया हैं । परन्तु सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है,ऐसा कहना है एम वी रमेश बाबू, अध्यक्ष, कोयम्बटूर जिला लघु उद्योग एसोसिएशन का । यदि हम अपने खरीदारों को कीमतें कोट करते हैं, तो ऑर्डर पूरा होने में 10 दिन लग जाते हैं । जब ऑर्डर पूरा होता है तो यदि कीमतें घटीं तो एमएसएमई यूनिट को लाभ होगा परन्तु यदि बढ़ गईं तो यूनिट को नुकसान हो जाएगा । जो निविदा में भाग लेते हैं, वे बोली लगाने में असमर्थ हो जाते हैं । इसीप्रकार, जो यूनिटें खरीदारों के साथ एक वर्ष के लिए करार करते हैं, उन्हें भी नुकसान होता है । हम समस्या का समाधान चाहते हैं। अतः, इंडस्ट्री एसोसिएशन भावी कार्रवाई के निर्धारण हेतु बातचीत कर रहा है, उन्होंने बताया ।

**भारतीय और चायनीज स्टील प्लेयरों के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी : आईसीआरए**

भारतीय और चायनीज स्टील प्लेयरों के बीच प्रतिद्वंदिता वैश्विक स्तर पर बढ़ सकती हैं, चीन में मंद स्टील माँग के बीच, आईसीआरए के अनुसार । चीन में, जो सबसे बड़ा इस्पात खपत करने वाला देश है- इस्पात निर्माता कमजोर माँग की वर्द्धित अवधि के लिए तैयार हो सकते हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था ओवरहीटेड प्रापर्टी मार्केट की पुनर्संतुलन प्रक्रिया से गुजरती है, जोकि देश की स्टील माँग को संचालित करने वाला पिछले दो दशक से प्रमुख विकास इंजन रहा था, रेटिंग एजेंसी ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया । आईसीआरए के अनुसार, 2020-21 में चीन भारत से सबसे बड़ा एकल स्टील के आयातक के रूप में उभरा है। तथापि, चालू वित्त वर्ष में बढ़ती हुई चायनीज स्टील की माँग, भारतीय मिलों द्वारा चीन को स्टील निर्यात का शेयर चालू वित्त वर्ष के प्रथम आधे में सिर्फ 8 प्रतिशत तक गिर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में 30 प्रतिशत था ।

**कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जिंदल स्टील को जमीन आवंटन पर प्रश्न वाला पेटिशन क्वाश किया**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक पेटिशन को क्वैश कर दिया, जिसमें जिंदल स्टील कंपनी को राज्य सरकार द्वारा 3,667 एकड़ जमीन के आवंटन पर प्रश्न उठाया गया था । मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता में एक डिविजन बेंच ने यह निर्णय लिया, जो के ए पाल द्वारा इस सम्बन्ध में फाईल किये गये पेटिशन की सुनवाई कर रहे थे। सरकार की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जिदंल स्टील कंपनी को जमीन आवंटन संबंधी निर्णय 26 अप्रैल को कैबिनेटकी बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा द्वारा लिया गया था । पेटिशन में निर्णय पर प्रश्न उठाया गया है और मामला मुख्यमंत्री बासवराज मोम्मई के समक्ष हैं, जो पूर्ववर्ती निर्णय को फिर से देखेंगे, उन्होंने बताया ।

# अन्तर्राष्ट्रीय समाचार

## यूएई ने राष्ट्रीय स्टील एसोसिएशन की स्थापना की, स्थानीय कंटेण्ट पर नजरें

यूनाइटेड अरब अमीरात ने एक एसोसिएशन की स्थापना की, जो राष्ट्रीय इस्पातनिर्माओं के हित का प्रतिनिधित्व करता है। नेशनल स्टील प्रोड्यूडर्स कमिटी (एसपीसी) 2020 में फेडरेशन ऑफ यूएई चेम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री द्वारा अनुमोदित की गई थी, फेडरेशन्स लॉ आर्टिकिल नं0 22/2000 के अधीन । सितम्बर में, अमीरात स्टील (ईएसआई) चीफ एक्जीक्युटिव सईद अल रेमेती अबू धबी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के निदेशक मण्डल के उप कोषाध्यक्ष बन गए (कल्लानिश पैस्सिम देखें)। एसपीजी के शुरुआती प्रेस कंफरेंश में बोलते हुए रेमेती, जिन्हें एसपीसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और अब अरकान के सीईओ हैं, क्योंकि फर्म का ईएसआई के साथ विलय हो गया है, कहा कि यूएई स्टील प्रोड्यूसर्स कमिटी के पास कई बिलियन डॉलर इंडस्ट्री में अदा करने की भूमिका है । एसपीसी की स्थापना एक स्वतंत्र एनजीओ के रूप में हुई है, जो स्टील उत्पादकों का बचाव करने के लिए उद्देश्य से इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व प्रदान करता है और पूरे यूएई में सेवा प्रदाता के रूप में भी, बल्कि 300 बिलियन वाले यूएई के इंडस्ट्रियल स्ट्रेटेजी और यूएई नेट जीरो स्ट्रेटेजिक पहल 2050 तक के ऑपरेशन में भी योगदान देता है । इसके अतिरिक्त, समिति इंडस्ट्री द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों की वास्तविकता को भी एड्रेस करती है, जब सरकार, निजी क्षेत्र तथा समग्र संयुक्त उद्यम के साथ कार्य के सम्बन्धों को मजबूत कर रहा होता है, उन्होंने बताया । समिति जो 15 उद्योग अग्रणियों के साथ गठित की गई है, देश की छवि को बढ़ावा देने के लिए सरकारी क्षेत्रों के साथ समन्वय करेगा- पहलों के साथ जैसे कि 'यूएई में निर्मित' परन्तु ओपेन मार्केट रेगुलेशन को कमजोर नहीं करेगा। एसपीसी उचित प्रतियोगिता सिद्धांतों के स्कोप में आयात को रोकने या नियमों एवं विनियमों को लागू नहीं करेगी और आयातित और स्थानीय निर्मित इस्पात उत्पादों के बीच 'विन-विन' स्थिति में पहुँचने का उद्देश्य है। समिति यूएई राष्ट्रीयों के लिए प्रशिक्षण एवं सीख अनुभव भी प्रदान करेगी- इस्पात उद्योग में कैरियर बनाने हेतु ।

## चीन का स्टील उत्पादन रुकने की मार्च 2022 तक बढ़ने की संभावना

चीन का स्टील उत्पादन अंकुश वर्ष 2022 को पहली तिमाही तक जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि बीजिंग ने आगामी विण्टर ओलिंपिक में प्रदूषण नियंत्रण की माँग की है और सुधार के कारण परन्तु अभी भी विद्युत की कमी चल रही है। प्रदूषण नियंत्रण और विद्युत की कमी चायनीज स्टील कंपनियों के लिए मार्जिन के समर्थन हेतु अनुकूल आपूर्ति और माँग डायनामिक निर्मित करेगी, क्रेडिटसाइट के अनुसार अपने हालिया नोट में- जो फिच समूह की यूनिट है । चीन का मासिक कच्चे इस्पात का उत्पादन अक्टूबर में साल-दर-साल 23 प्रतिशत नीचे है तथा चीन की स्टील मिलों की क्षमता उपयोग दर नवम्बर में रिकार्ड स्तर तक गिर गई है । क्रेडिटसाइट के अवलोकन के आधार पर, टंगशान रीजन में ब्लास्ट ऑक्सीजन फर्नेशों का 50 प्रतिशत से अधिक - जो कि स्टील उत्पादन का 20 प्रतिशत से

अधिक करता है । यहाँ तक कि छोटी स्टील की मिलें, जो अधिक कीमत साइकिल के दौरान तेजी से उत्पादन वृद्धि का रुख रखती है, उत्पादन बढ़ाने की व्यवस्था नहीं की है,स्थानीय सरकारों द्वारा उत्पादन अंकुश के ठोस इनफोर्समेण्ट के कारण, इसने बताया । इतना ही नहीं, चीन 13.5 प्रतिशत तक जीडीपी की प्रति यूनिट ऊर्जा खपत में कटौती करने तथा कार्बन उत्सर्जन को 2025 तक 18 प्रतिशत तक कटौती के प्रति कृत-संकल्प है ।

**यूरोपियन एचआरसी की कीमतें गिरी, क्योंकि ऑटो की बिक्री कम हुई**

यूरोप में कम ऑटो बिक्री ने पश्चिमी यूरोपियन हॉट रोल्ड क्वायल की कीमतों को दबाव में रखा है। तथापि, निर्माण से माँग फिर भी फ्लैट रोल्ड उत्पाद के लिए कीमतों को सपोर्ट करने में मदद कर रही है। एक व्यापारी के अनुसार, लोग किसी चीज में अपने पैसे निवेश करना चाहते है । आर्सेलरमित्तल ने मूल रूप से €1,080 ($1,210) नवम्बर में माँगा था। जबकि वह कीमत लक्जमबर्ग समूह का सरकारी है, लेनदेन निम्न स्तर पर किया गया है । बड़ी मात्रा में लेनदेन नवम्बर में €980-1,000 ($1,095-1,120) प्रति मेट्रिक टन exw जनवरी डिलिवरी हेतु हुआ है, व्यापारी ने बताया । छोटी मात्रा में लेनदेन €1,050 ($1,175) पर हुआ था, व्यापारी ने बताया । रूस एवं टर्की से आयात का लेनदेन औसत लगभग €865 ($970) पर प्रति टन सीएफआर यूरोप पर हुआ था। यूरोपियन यूनियन में नया ऑटोमोबाईल पंजीकरण यूरोपियन यूनियन में कुल 665,000 यूनिट अक्टूबर के लिए था। जो वर्ष भर में 950,000 यूनिटों के 30% से अधिक की गिरावट है, यूरोपियन ऑटोमोबाईल मैन्यु. एसोसिएशन ने कहा ।

**यूएस स्टील आयात अक्टूबर में गिरा है, क्योंकि कीमतें मंद पड़ी थीं**

यूएस स्टील आयात अक्टूबर में मासिक तुलनात्मक आधार पर गिरा है, परन्तु वर्ष के प्रथम दस महीनों में साल-दर-साल बढ़ा है- अमेरिकन आयरन एण्ड स्टील इंस्टीच्यूट (AISI) रिपोर्ट के अनुसार । कुल स्टील का आयात अक्टूबर में 17 प्रतिशत गिरा है। उत्तर अमेरिकन स्टील निर्माताओं के एसोसिएशन ने नोट किया कि कुल घरेलू स्टील का आयात 16.7% विगत माह अक्टूबर में अंदाजन 2.71 मिलियन नेट टन से गिरा है । तैयार इस्पात का आयात भी 6% गिरकर लगभग 2.32 मिलियन नेट टन उक्त माह में हुआ है। तैयार इस्पात आयात का सबसे बड़ी मात्रा अक्टूबर में ऑफशोर से दक्षिण कोरिया से 203,000 नेट टन (सितम्बर से 32% नीचे) टर्की से 149,000 नेट टन (26% अधिक), विएतनाम से 110,000 नेट टन (41% ऊपर) जर्मनी से 83,000 नेट टन (6% नीचे) तथा जापान से 80,000 नेट टन (3% नीचे) थी, एआईएसआई के अनुसार । इस बीच, कुल एवं तैयार घरेलू स्टील का आयात साल-दर-साल 38.5% और 39.6% क्रमशः बढ़ा है, 2021 के प्रथम दस महीनों में ईयर-टू-डेट। एआइएसआई ने नोट किया कि ये आँकड़े प्रारंभिक सेंसस ब्यूरो डाटा पर आधारित हैं। एआईएसआई के अनुसार, तैयार इस्पात के आयात बाजार शेयर का अनुमान अक्टूबर में 24 प्रतिशत था, जो सितम्बर में 25% से नीचे। वर्ष 2021 के प्रथम दस महीनों में तैयार स्टील आयात बाजार शेयर का अनुमान 21 प्रतिशत है। वर्ष 2021 में वार्षिक कुल एवं तैयार स्टील का आयात 31.8 मिलियन नेट टन (वर्ष भर में 44.6% ऊपर) तथा 22.8 मिलियन नेट टन (41.4% ऊपर), क्रमशः, एआईएसआई नोट किया ।

**चीन का स्टील-संबद्ध मैन्यु. उत्पादन इंडेक्स अक्टूबर में गिरा**

चीन की स्टील खपत का मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन इंडेक्स, जिसका एसएण्डपी ग्लोबल प्लैट्स अक्टूबर

में 102 प्वाइंट था, सितम्बर में 13 प्वाइंट नीचे है और 2020 की उसी अवधि से 6 प्वाइंट नीचे है। उत्पादन इंडेक्स चीन के नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स उत्पादन डाटा 17 स्टील-संबद्ध मैन्युफैक्चर्ड गुड्स पर आधारित है, जिसे सात सेक्टरों में श्रेणीबद्ध किया गया है और स्टील खपत के उनके शेयर के अनुसार भारित है। वर्ष 2018 में मासिक उत्पादन औसत का प्रयोग 100 के बेसलाईन के रूप में किया गया है। विगत कुछ सप्ताहों में, निर्माण-संबद्ध मैन्यु. गुड्स को चीन के प्रापर्टी सेक्टर में गिरावट से सबसे अधिक चोटिल के रूप में लिया गया है, जबकि आउटलुक खपत-संबद्ध गुड्स सेक्टर के लिए उत्साहवर्द्धक है, जिसके 2022 में अधिक नीतिगत समर्थन प्राप्त करने की आशा है । अक्टूबर में, इंजीनियरिंग मशीनरी, होम एप्लीऐंसेज तथा वाहनों के धीमे उत्पादन ने मैन्यु. उत्पादन इंडेक्स की गिरावट में सबसे अधिक योगदान किया है । चीन की मैन्यु. स्टील माँग में गिरावट ने अक्टूबर के मध्य से स्टील के उत्पादन में गिरावट की गति को ओवरस्ट्रिप्ड किया है। इसके फलस्वरूप, घरेलू हॉट रोल्ड क्वायल अथवा एचआरसी का बिक्री प्राफिट मार्जिन अक्टूबर की शुरुआत से 64% गिरकर $74/मिट माह के आखीर में हुआ है, ऐसा प्लैट्स एनालिटिक्स के आँकड़े दर्शाते हैं । 10 नवम्बर से, एचआरसी मार्जिन नकारात्मक हो गया है। एचआरसी मार्जिन फ्लैट स्टील सेक्टर में कीमतों के रुख का संकेतक है। प्रापर्टी सेक्टर धीमा हुआ है। इंजीनियरिंग मशीनरी तथा होम एप्लीऐसेज में गिरावट चीन की प्रापर्टी निर्माण गतिविधियों में गिरावट का परिणाम है, ऐसा कुछ स्रोतों ने कहा। चीन का प्रापर्टी सेक्टर अभी दबाव के अधीन है, उपायों द्वारा ट्रिगर की गई प्रगति ऋण को कसी है, जिसे सेक्टर के ऋण जोखिम को डिफ्यूज करने के लिए लिया गया था । आउटलुक भी निकट समय में सेक्टर के लिए उत्साहबर्द्धक दिखाई नहीं पड़ रहा है, जमीन खरीद एवं घरेलू बिक्री में मंदी 2021 में जो है वह 2022 में भी जारी रहने की आशा है ।

### टर्किश स्टील उत्पादक अर्जिन मैकिन ग्रीन हो रहा है

अर्जिन मैकिन, इस्तम्बूल में अवस्थित विशिष्ट स्टील उत्पादक, ने पर्यावरण अनुकूल बिजनेश के रूप में प्रमाणपत्र हासिल किया है। यूरोपियन यूनियन द्वारा समर्थित ईबीआरडी ने इस लक्ष्य को हासिल करने और आईएसओ प्रमाणीकरण हासिल करने में कंपनी की मदद की है। अर्जिन मैकिन, जो कई इंजीनियरिंग क्षेत्र में 50 से अधिक वर्षों से सेवा कर रहा है, अपने अभिनव तकनोलॉजी एवं निपुण स्टाफ के साथ भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। सभी उनकी बिजनेश गतिविधियाँ सर्वोत्तम क्वालिटी मटेरियल और आज के बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम कारीगरी के साथ की जाती हैं। कंपनी स्टील मैन्युफैक्चरिंग, असेम्बली, परिपूर्ण मेकनिकल सर्विस एवं रीसाइकिल योग्य काउण्टरवेट (ग्रीनवेट) उत्पादन के क्षेत्र में औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उद्यमों के लिए सेवाएँ प्रदान करती है ।

अर्जिन मैकिन, इस्तम्बूल में अवस्थित विशिष्ट स्टील उत्पादक, ने पर्यावरण अनुकूल बिजनेश के रूप में प्रमाणपत्र हासिल किया है। यूरोपियन यूनियन द्वारा समर्थित ईबीआरडी ने इस लक्ष्य को हासिल करने और आईएसओ प्रमाणीकरण हासिल करने में कंपनी की मदद की है।

### ईरान ने दुनिया के दसवें सबसे बड़े स्टील उत्पादक के रूप में अपनी स्थिति बहाल रखी है

वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा जारी नवीनतम आँकड़े दर्शाते हैं कि ईरान का इस्पात का उत्पादन घटा है, फि रभी देश का वैश्विक स्थान अपरिवर्तित बना हुआ है। ईरानियन स्टील मिलों ने कुल 22.4 मिटकच्चे इस्पात का उत्पादन 2021 के प्रथम दस महीनों में किया है, जो वर्ष 2020 की उसी अवधि की तुलना में 5.7% की गिरावट दर्शाता है। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का अक्टूबर का उत्पादन 2.2 मिट को छू लिया है, जो साल-दर-साल 15.3% की गिरावट है । उत्पादन में गिरावट के बावजूद ईरान ने विश्व का 10वाँ सबसे बड़ा कच्चे इस्पात के उत्पादक का स्थान बरकरार रखा है ।

## चायनीज स्टील निर्माता ने ईएएफ मिल चालू की

चायनीज स्टील उत्पादक हेनान याक्सिन स्टील समूह कं. लिमिटेड (हेनान याक्सिन) ने चीन के फुजियान प्रांत में अपने फुजियान डिंगशेंग प्लाण्ट में फ्लैट उत्पादों के लिए अपने इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेश मिनीमिल को चालू कर दिया है। मिल में शामिल है दो ईएएफ क्वांटम इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेश, जिसे यूनाइटेड किंगडम अवस्थित प्रीमेटल्स टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रदान किया गया हे । स्क्रैप-फेड प्रोसेस एकीकृत उत्पादन की तुलना में 85 प्रतिशत सीओ2 बचत की अनुमति देता है, प्रीमेटल्स के अनुसार । फुजियान के मेल्ट शॉप में, प्रत्येक ईएफएफ यूनिट के पास अधिकतम 115 मेट्रिक ट न का टैपिंग वजन है, तकनोलॉजी प्रदाता ने बताया । साथ वाली अरवेदी एण्डलेस स्ट्रिप उत्पादन (ईएसपी) लाईन की आपूर्ति भी प्रीमेटल द्वारा की गई है, जिसकी डिजाइन क्षमता 2.5 मिलियन मेट्रिक टन प्रति वर्ष है। निजी तौर पर आधारित हेनन याक्सिन चीन के शहरों ओर पाँच प्रांतों में एकीकृत और कम्पैक्ट स्टीलनिर्माण प्लांटों का संचालन करती है और प्रति वर्ष 10 मिलियन मेट्रिक टन से अधिक का उत्पादन कर सकती है, प्रीमेटल ने बताया । इस्पातनिर्माता की सबसे नयी ईएएफ मिल में शामिल है - एक अभिनव स्क्रैप फीडिंग प्रोसेस तथा अन्य फीचर, प्रीमेटल के अनुसार, जिसकी डिजाइन टैप-टू-टैप टाइम्स में महत्वपूर्ण गिरावट हासिल करने के लिए बनाई गई है। प्रीमेटल ने मिल की इलेक्ट्रिकल एनर्जी जरूरतों को 'पारंपरिक ईएफ की अपेक्षा काफी कम' के रूप में वर्णित की है ।

## मेक्सिको 2022 में स्टील आयातों पर अस्थायी टैरिफ बहाल करेगा

मेक्सिको ने घोषित किया है कि अगले वर्ष में कुछ प्रकार के स्टील पर 15% आयात टैरिफ को अस्थायी तौर पर लागू होगा, जिसका लक्ष्य है कोरोना वायरस महामारी द्वारा लाई गई उद्योग में मंदी को बढ़ावा देना। टैरिफ जून 2022 में शुरू होगा और धीरे-धीरे 2024 के आखीर में समाप्त हो जायेगा, ऐसा सरकार ने सरकारी गजट में प्रकाशित प्रेसीडेंसियल डिग्री में कहा है। यह कदम 100 से अधिक स्टील उत्पादों पर लागू होगा। स्थानीय स्टील उद्योग को ऐडजस्टमेण्ट के लिए समय चाहिए, जो अनुचित व्यापार प्रैक्टिस के विरुद्ध आवश्यक कानूनी इंस्ट्रूमेण्ट को सहारा लेने के लिए अनुमति देगा, डिग्री में बताया गया है। मेक्सिको ने पूर्व में 2018 में टैरिफ को लगाया था, स्टील के आयात पर पूर्ववर्ती यूएस प्रेसीडेण्ट डोनॉल्ड ट्रंप के 25% सेक्शन 232 राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ के बाद । उक्त कदम, जिसने कनाडा और मेक्सिको दोनों को प्रभावित किया है और उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार करार के आधुनिकीकरण पर चर्चा को धमकी दिया है- जिसे संशोधित किया गया है और यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-कनाडा करार का नाम दिया गया है - यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा अपने व्यापार भागीदारों के ऊपर से करों को उठा लेने के बाद निलंबित कर दिया गया था। मेक्सिको स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन से एक प्रवक्ता, CANACERO, ने कहा कि डिग्री अनुचित आयातों को सीमित करेगा और सिर्फ उन देशों पर लागू होगा, जो मेक्सिको के साथ बिना व्यापार करार के हैं ।

मेक्सिको ने घोषित किया है कि अगले वर्ष में कुछ प्रकार के स्टील पर 15% आयात टैरिफ को अस्थायी तौर पर लागू होगा, जिसका लक्ष्य है कोरोना वायरस महामारी द्वारा लाई गई उद्योग में मंदी को बढ़ावा देना।

## वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन : अक्टूबर 2021 में कच्चे तेल का उत्पादन 10.6% गिरा

वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) को रिपोर्ट करने वाले 64 देशों के लिए दुनिया का कच्चे इस्पात का उत्पादन अक्टूबर 2021 में था 145.7 मिट, अक्टूबर 2020 के साथ तुलना करने पर 10.6% की गिरावट। अफ्रीका ने अक्टूबर 2021 में 1.4 मिट उत्पादन किया था, अक्टूबर 2020 से 24.1% ऊपर । एशिया और ओसीनिया ने 100.7 मिट उत्पादन किया, 146.6% नीचे । सीआईएस ने 8.3 मिट उत्पादन किया था 0.2% नीचे। ईयू (27) ने 13.4 मिट का उत्पादन किया, 6.4% अधिक। यूरोप, अन्यों ने 4.4 मिट का उत्पादन किया, 7.7% अधिक। पश्चिमी एशिया ने 3.2 मिट

का उत्पादन किया, 12.7% नीचे । उत्तरी अमेरिका ने 10.2 मिट उत्पादन किया, 16.9% ऊपर। दक्षिण अमेरिका ने 4.0 मिट का उत्पादन किया 12.1% ऊपर ।

**कैनेडियन इस्पात निर्माताओं ने 'ग्रीन स्टील' अपनाया,क्योंकि कार्बन टेक्स बढ़ना तय**

इस्पात उद्योग चौराहे पर खड़ा है, क्योंकि सरकारी नीतियाँ जैसे कि कार्बन प्राइसिंग जिसकी डिजाइन जलवायु परिवर्तन को समाप्त करने के लिए बनाई गई हैं, निर्माता के बॉटम लाईन तथा अंतर्राष्ट्रीय शपथ को हिट कर रही है, कंपनियों से आगे और रियायत माँगने की संभावना है- जो फोसिल ईंधन जलाती हैं । अलगोमा स्टील के चीफ एक्जीक्युटिव आशा कर रहे हैं कि कंपनी 'ग्रीन स्टील' बनाने के लिए सेक्टर-वाइड डाउनटर्न के प्रकारों से इसे इंसुलेट करने में मदद करेगी, जिसे पहले दिवालियापनों में धकेल दिया गया था । चीफ एक्जीक्युटिव, माइकेल मैकक्वाड, जिन्होंने कंपनी का कार्बन उत्सर्जन लगभग 70 प्रतिशत तक कम करने की योजना बनाई है, उन्होंने कहा कि वे कभी भी नहीं कहेंगे और स्वीकार किया है कि निश्चित रूप से कम से कम करने के लिए वे अपनी शक्ति से सब कुछ करेंगे, यदि वह जोखिम समाप्त नहीं होता है। कनाड़ा का इस्पात उद्योग वर्तमान में मजबूत होने की स्थिति में है, क्योंकि अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी से रिकवर की है- जिसने माँग को कम कर दिया था और ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाये गये सजा स्वरूप टैरिफ की अवधि से 2019 में उबरा है । $15 बिलियन वाला उद्योग लगभग 13 मिट प्राथमिक स्टील, स्टील पाइप और ट्यूब उत्पादों का उत्पादन पाँच प्रांतों में 30 से अधिक फेसिलिटियों में करता है । लाभ बढ़ रहा है, क्योंकि प्राथमिक तौर पर कनाड़ा में बिक्री के लिए पूर्व निर्धारित है और यूएस ऑयल ड्रीलिंग तथा संरचना व्यय में एक अपटिक से ठोस माँग के बीच संग्रह किया है । वह हमेशा ऐसा मामला नहीं है, क्योंकि प्रतिद्वंद्वी ने पहले बाजार को जलप्लावित कर दिया है, जब परिवहन लागत कम था, माल को मेटल-निम्न की पण्य कीमत पर भेज रहा है ।

**ईयू ने भारत, इण्डोनेशिया से स्टेनलेस स्टील पर टैरिफ लगाया**

यूरोपियन कमीशन, जिसने जाँच की थी, ने इण्डोनेशिया के आईआरएनसी के लिए 10.2 प्रतिशत और अन्य इण्डोनेशियन उत्पादकों के लिए 20.2 प्रतिशत ड्यूटी निर्धारित की है, ईयू के सरकारी जरनल ने हाल ही में कहा। यूरोपियन यूनियन ने भारत और इण्डोनेशिया से कोल्ड रोल्ड फ्लैट स्टेनलेस स्टील उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगा दिया है, एक जाँच में यह पाये जाने के बाद कि वे कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच रहे हैं। यूरोपियन कमीशन, जिसने जाँच आयोजित की, इण्डोनेशिया आईआरएनसी के लिए 10.2% और अन्य इण्डोनेशियन उत्पादक के लिए 20.2 प्रतिशत, ईयू के सरकारी जरनल ने भी कहा। भारत के लिए दरें हैं 13.9 प्रतिशत जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड तथा जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड और 35.3% अन्य भारतीय उत्पादकों के लिए । कमीशन ने बताया कि एण्टी डंपिंग ड्यूटी , जो शीघ्र ही प्रभावी होगा, का लक्ष्य है ईयू उत्पादकों जैसे एसरिनॉक्स तथा आटोकुंपू को होने वाले नुकसान का समाधान का लक्ष्य है ।

**चीन का स्टील उत्पादन नवम्बर के शुरू में वर्ष में 20% गिरा : सीआईएसए**

चीन का दैनिक कच्चे इस्पात का उत्पादन नवम्बर के शुरू में साल-दर-साल 20% नीचे हैं, जो अक्टूबर के औसत के थोड़ा ऊपर है, चायना आयरन एण्ड स्टील एसोसिएशन के अनुसार । उद्योग के स्रोतों को उम्मीद है कि चीन का स्टील का उत्पादन नवम्बर-दिसम्बर में नीचे रहेगा, परन्तु कहा

कि 2022 के शुरू में मजबूत हो सकता है, इस्पातनिर्माओं द्वारा अनिवार्य उत्पादन कटौती पूरा कर लेने के बाद दिसम्बर के आखीर तक । सीआईएसए का अनुमान है कि चीन का दैनिक कच्चे इस्पात का उत्पादन 1-10 नवम्बर में औसतन 2.343 मिलियन मेट/दिन रहा, जो अक्टूबर से 1.5% ऊपर है, परन्तु मार्च 2018 से दूसरे सबसे निचले स्तर पर । कमजोर स्टील की माँग के बावजूद, चीन की अनिवार्य जरूरत 2021 के स्टील उत्पादन को 2020 के स्तर के भीतर रखना कम इस्पात उत्पादन के पीछे का प्रमुख कारण है ।

उत्तरी चीन में स्टील मिलें, खासकर हेबेई प्रांत में, जनवरी-मार्च 2022 में शीतकालीन स्टील उत्पादन कटौती को जारी रखेंगी, परन्तु चीन के अन्य भाग को उत्पादन को बढ़ाने की अनुमति दी जा सकती है, कम से कम एक वर्ष के स्तर तक । हेबेई ने अपने कच्चे इस्पात के उत्पादन को 1 जनवरी से 15 मार्च 2022 तक वर्ष 2021 की उसी अवधि में रखे गये स्तर का 70% रखने का संकल्प लिया है। उन तीन महीनों में उस स्तर पर उत्पादन, यदि साकार हुआ, वर्तमान स्तर से ऊपर होगा । स्रोतों के अनुसार, चीन के दो प्रमुख इस्पातनिर्माता हबों - हेबेई के टंगशान और हैंडन शहरों में औसत ब्लास्ट फर्नेश उपीयोग की दर क्रमशः 65% और 70% से कम थे- नवम्बर के मध्य में । कुछ स्रोतों ने कहा कि दोनों व्यापारियों एवं अंतिम इस्तेमालकर्ता रीस्टॉकिंग में दिलचस्पी नहीं रखते थे, क्योंकि स्टील मार्केट का रुख 2022 की प्रथम तिमाही में ओवरसप्लाई के बीच निम्न मुखी हो सकता है। यद्यपि दैनिक कच्चे इस्पात का उत्पादन नवम्बर के शुरू में प्रायः 20 प्रतिशत नीचे था, स्टील मिलों में तैयार इस्पात इनवेण्ट्री तथा स्पॉट मार्केट में संयुक्त रूप से, जिसकी मॉनीटरिंग सीआईएसए द्वारा 10 नवम्बर को की गई, वर्ष में अभी भी 0.1% अधिक है 22.91 मिट पर- जो स्टील माँग में गिरावट दर्शाता है ।

# भावी गतिविधियाँ - नवम्बर 2021

**फेरस मेटलर्जी पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन,** दिनांक : 18 नवम्बर 2021, स्थान : मैप लंदन, यूनाइटेड किंगडम, आयोजक : वर्ल्ड एकाडेमी ऑफ साइंस, सम्पर्क : https://waset.org/

**एशिया स्टील 2021,** दिनांक : 05 दिसम्बर 2021, स्थान : दक्षिण कोरिया, आयोजक : दि कोरियन इंस्टीच्यूट ऑफ मेटल्स एण्ड मटेरियल्स, सम्पर्कः Secretary@asiasteel2021.org.

**एनएएससीसी : दि स्टील कंफरेंश 2022,** दिनांकः 23 मार्च 2022, स्थान : मैप कोलोराडो कंवेंशन सेण्टर, डेनरवर, कोलोराडो, यूएसए, आयोजकः अमेरिकन इंस्टीच्यूट ऑफ स्टील कंस्ट्रक्शन, सम्पर्क : nascc@aisc.org

**5वाँ अंतर्राष्ट्रीय उच्च मैगनीज स्टील सम्मेलन 2022,** दिनांक : 23 मई 2022, स्थान : मैप वोएस्टलपाईन स्टाल्वेल्ट लिंज, आस्ट्रिया, आयोजक : ऑस्ट्रियन सोसाइटी फॉर मेटलर्जी एण्ड मिनरल्स, सम्पर्क : asmet@asmet.at

# भारतीय आयरन एण्ड स्टील उद्योग का कार्यनिष्पादन : एक सांख्यिकीय सारांश अप्रैल- अक्टूबर 2021(प्रस्ता) के दौरान

**समग्र उत्पादन :**

- कच्चे इस्पात का उत्पादन था 66.805 मिलियन टन, 24.8% ऊपर ।
- हॉट मेटल का उत्पादन था 44.808 मिट, 22.8% ऊपर ।
- पिग आयरन का उत्पादन था 3.444 मिट 34.3% ऊपर !
- स्पंज आयरन का उत्पादन था 22.361 मिट, 23.8% ऊपर कोयला आधारित मार्ग द्वारा प्रमुखता (77% शेयर)!

**कुल तैयार स्टील**

- 62.877 मिट पर, कुल तैयार इस्पात का उत्पादन अप्रैल -अक्टूबर 2021 में 29.9% अधिक है। नॉन'एलॉय स्टील क्षेत्र का योगदान 58.897 मिट पर (94% शेयर 28.5% अधिक) रहा, जबकि शेष का योगदान एलॉय स्टील क्षेत्र का था (स्टेनलेस स्टील सहित) ।
- कुल तैयार इस्पात का समग्र निर्यात था (78.809 मिट, 24.1% अधिक) ।
- कुल तैयार इस्पात का समग्र आयात था (2.751 मिट, 17.2% अधिक) ।
- अप्रैल-अक्टूबर 2021 के दौरान भारत कुल तैयार इस्पात का शुद्ध निर्यातक था ।
- 57.899 मिट पर कुल तैयार इस्पात की खपत में अप्रैल-अक्टूबर 2021 के दौरान 26.1% अधिक थी नॉन-एलॉय स्टील क्षेत्र का योगदान था 53.525 मिट (92% शेयर 24.1% की अधिक), जबकि शेष योगदान एलॉय स्टील क्षेत्र का था (स्टेनलेस स्टील सहित) ।

**द्रष्टव्य : समस्त वृद्धि के आँकड़े पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में किये गये हैं।**
**सभी ऑकड़े अस्थायी हैं ।**
**स्रोत :** जेपीसी बुलेटिन आयरन एण्डं स्टील